# कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, हमीरपुर वन प्रभाग, हमीरपुर।

पत्रांक 1563 /33–1/दिनांक, हमीरपुर, जनवरी 09, ,2023

सेवा में,

अधिशासी अभियंता
जल निगम (ग्रामीण)
महोबा।

**विषयः–जनपद–हमीरपुर में हरौलीपुर ग्राम–समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत पेयजल पाइप लाइन बिछाने हेतु जिला–हमीरपुर में प्रभावित 0.8186 हे0 संरक्षित वनभूमि तथा बाधक 581 वृक्षों/पौधों के पातन एवं 1.670 हे0 आरक्षित वनभूमि तथा बाधक 1893 वृक्षों/पौधों के पातन अर्थात कुल 2.4886 हे0 वनभूमि के गैरवानिकी प्रयोग एवं बाधक 2474 वृक्षों/पौधों के पातन की अनुमति के सम्बन्ध में।**

**सन्दर्भ**–भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ का पत्रॉक–08बी0/यू0पी0/08/273/2022/एफ0सी0/805 दिनॉक 02.01.2023 एवं मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, उ0प्र0 लखनऊ का पत्रांक–2237/11–सी–FP /UP/Water/155391/2022 दिनॉक 02.01.2023.

**महोदय,**

उपरोक्त सन्दर्भित पत्र को संलग्न करते हुये अवगत कराना है कि विषयांकित प्रस्ताव मे भारत सरकार के उपरोक्त सन्दर्भित पत्र द्वारा कतिपय शर्तो के साथ सैद्धान्तिक स्वीकृति प्रदान की गयी है। सैद्धान्तिक स्वीकृति की समस्त शर्तो की अनुपालन आख्या मय अभिलेख के पॉच प्रतिंयो मे इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

उक्त शर्तो मे से शर्त संख्या–04 के अन्तर्गत प्रभावित आरक्षित वनभूमि के एवज में दी गयी गैर वनभूमि (ग्राम–पारा) क्षेत्रफल 1.670 हे0 में क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु धनराशि मु0 1551453.00 रू0 एवं संरक्षित वनभूमि में प्रभावित वृक्षों के 10 गुना वृक्षों के क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु अवनत वनभूमि (उपरेहका वन ब्लाक) क्षेत्रफल–10.00 हे0 में क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु धनराशि मु0 5035008.00 रू0 (पचास लाख पैतीस हजार आठ रूपये मात्र) तथा शर्त 05 के अन्तर्गत कुल प्रभावित वनभूमि 2.4886 हे0 के गैरवानिकी प्रयोग हेतु एन0पी0वी0 की धनराशि मु0 3057469.074 या 3057470.00 रूपये (तीस लाख सत्तावन हजार चार सौ सत्तर रूपये मात्र) ई चालान द्वारा एडाक कैम्पा नई दिल्ली के खाते मे जमा कराकर चालान की मूल प्रति इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें। तदोपरांत विधिवत स्वीकृति हेतु इस कार्यालय द्वारा अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

शर्त संख्या–4 व 5 का आगणन निम्न प्रकार हैः–

| | | |
|---|---|---|
| शर्त संख्या–04 | क्षतिपूरक वृक्षारोपण की कुल धनराशि रू0– | 6586461.00 |
| शर्त संख्या–05 | शुद्ध वर्तमान मूल्य की कुल धनराशि रू0– | 3057470.00 |
| | जमा करने हेतु कुल धनराशि (04+05 का योग)– | **9643931.00** |

जिलाधिकारी हमीरपुर द्वारा जारी सर्किल रेट के अनुसार लीज रेंट की धनराशि जमा करने हेतु अलग से पत्र निर्गत कर अवगत करा दिया जायेंगा।

भवदीय,

**(उमेश चन्द राय)**
प्रभागीय वनाधिकारी,
हमीरपुर वन प्रभाग, हमीरपुर।

**पृष्ठांकन संख्या /अ/समदिनांकित।**

**प्रतिलिपि**–मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग उ0प्र0 लखनऊ को उनके उपरोक्त सन्दर्भित पत्र के अनुपालन मे सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपि**–वन संरक्षक चित्रकूटधाम वृत्त बांदा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपि**–अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे, हमीरपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

**(उमेश चन्द राय)**
प्रभागीय वनाधिकारी,
हमीरपुर वन प्रभाग, हमीरपुर।